दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक



**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।


RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शनिवार 15 जनवरी 2022 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-04, अंक- 109

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोरोना के खतरे को लेकर बड़ा फैसला, मकर संक्रांति पर हरिद्वार में गंगा स्नान पर लगी रोक

**हरिद्वार (आरएनएस)।** उत्तराखंड में कोरोना के केस बढ़ते जाने के कारण हरिद्वार मकर संक्रांति पर्व पर गंगा स्नान के लिए अन्य प्रदेशों से हरिद्वार आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन पर रोक लगाई गई है। पुलिस उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग कर बाहर के राज्यों से आ रहे स्नानार्थियों को वापस भेज रही है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब से श्रद्धालु मकर संक्रांति पर स्नान के लिए हरिद्वार का रुख करते रहे हैं, लेकिन इस बार स्नान पर कोरोना के चलते लगी रोक से तीर्थयात्रियों को यहां आने से रोकने के लिए प्रदेश की सभी सीमाओं पर पुलिस बल, पीएसी व अर्धसैनिक पुलिस बल तैनात किए गए हैं। चेकिंग के कारण बॉर्डर पर वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। पुलिस ने जगह-जगह बैनर लगाकर भी चेताया है कि किसी को भी गंगा स्नान के लिए हरिद्वार में आना वर्जित है। स्थानीय लोगों को पहचान पत्र देखकर बॉर्डर पार करने दिया जा रहा है। प्रशासन ने मकर संक्रांति पर गंगा स्नान पर प्रतिबंध लगाया तो इससे हरिद्वार के व्यापारी नाराज हो गए। व्यापारियों का कहना है कि इससे व्यापार चौपट हो जाएगा। प्रशासन को कोविड नियमों का पालन करवाते हुए गंगा स्नान की अनुमति देनी चाहिए।

### पीएम मोदी आज करेंगे 150 स्टार्टअप से बातचीत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अनोखे आइडिया और स्वरोजगार को लेकर शुरू किए गए स्टार्टअप पर पीएम मोदी शनिवार को ऐसे 150 समूहों से बातचीत करेंगे। ये बातचीत वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए होगी। इसमें उद्यम प्रणाली, अतंरिक्ष, उद्योग, सुरक्षा, फिटनेस और पर्यावरण के अलावा कृषि और स्वास्थ्य जैसे विभिन्न क्षेत्रों के स्टार्टअप समूह शामिल होंगे। देश में अनोखे आइडिया और स्वरोजगार को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2016 में स्टार्टअप की शुरुआत की थी। इसी क्रम में शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पीएम मोदी कृषि और स्वास्थ्य समेत विभिन्न क्षेत्रों के 150 से ज्यादा स्टार्टअप से बातचीत करेंगे। पीएमओ ने शुक्रवार को कहा कि उद्यम प्रणाली, अंतरिक्ष, उद्योग, सुरक्षा, फिनटेक, पर्यावरण के अलावा कृषि और स्वास्थ्य जैसे विभिन्न क्षेत्रों के स्टार्टअप इस बातचीत का हिस्सा होंगे। शुक्रवार को पीएमओ की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि शनिवार को पीएम मोदी 150 से अधिक स्टार्टअप के साथ बातचीत करेंगे। इन स्टार्टअप को छह कार्य समूहों में विभाजित किया गया है। इन प्रेजेंटेशन्स में ग्रोइंग फ्रॉम रूट्स, लोकल टू ग्लोबल, भविष्य की टेक्नोलॉजी, डेवलपमेंट मॉडल को शामिल किया गया है। यह भी कहा गया है कि इस बातचीत का उद्देश्य यह समझना है कि स्टार्टअप देश में नवाचार को चलाकर राष्ट्रीय जरूरतों में कैसे योगदान दे सकते हैं? आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम, सेलिब्रेटिंग इनोवेशन इकोसिस्टम का आयोजन 10-16 जनवरी के दौरान वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के डीपीआईआईटी द्वारा किया जा रहा है।

### बंगाल ले जाई जा रही किशोरी को मानस तस्कर से करवाया गया मुक्त

**धार (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले से अपहरण कर मानव तस्कर के लिए ले जाई जा रही 15 वर्षीय किशोरी को इंदौर पुलिस की विशेष पहल पर धार के नौगांव थाने की पुलिस ने मुक्त करवा लिया है। साथ ही परेश निवासी राजकोट को हिरासत में ले लिया है। इस मामले में धार में कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं किया गया, पहले से ही पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में प्रकरण दर्ज है। दरअसल, इंटरनेट मीडिया पर किशोरी की दोस्ती एक व्यक्ति से हुई थी जो धीरे-धीरे बढ़ गई। इंटरनेट मीडिया पर फर्जी फोटो लगाकर तस्करी करने वाला आरोपित उसे बातचीत में झांसा देता रहा। वह गायक बनाने का झांसा देकर उसे दस जनवरी को अगवा करने में सफल हो गया। पश्चिम बंगाल की पुलिस ने दस जनवरी को किशोरी की जानकारी मिशन मुक्ति फाउंडेशन दिल्ली को दी थी। फाउंडेशन ने राष्ट्रीय बाल संरक्षण अधिकार आयोग को सूचना दी। आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने मानव तस्करी के मामले को गंभीरता से लिया। इसके लिए अलग-अलग प्रांत की पुलिस से संपर्क किया।

## देश में कोरोना संक्रमण हुआ विकरालः 24 घंटे में 264202 नए मामले, 315 लोगों की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में कोरोना संक्रमण विकराल रूप धारण करता जा रहा है। 24 घंटे में देश में 6.7 प्रतिशत बढोतरी के साथ 2,64,202 कोरोना मरीज सामने आए और 315 मरीजों की मौत दर्ज की गई। चिंता की बात ये है कि देश में तेजी के साथ बढ़ते संक्रमित मामलों के कारण उपचाराधीन सक्रीय मरीजों का आंकड़ा बढ़कर 12. 72 लाख से अधिक पहुंच चुका है।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में कोराना की तीसरी लहर कोहराम मचाने लगी है। बीते एक सप्ताह तक केसों में तेजी से इजाफा देखने को मिला था और नए केस मिलने का आंकड़ा 1 लाख से बढ़कर ढाई लाख तक पहुंच गया था। लेकिन अब यह संख्या बताती है कि भले ही कोरोना केसों में तेजी जारी है, लेकिन रफ्तार थोड़ी थमी है। मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ो के मुताबिक पिछले 24 घंटे में देश में 2,64,202 कोरोना मरीज सामने आए, जो पिछले एक दिन पहले आए मराजों से 6.7 प्रतिशत ज्यादा है। इस कारण अब देश में उपचाराधीन सक्रिय कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर 12,72,073 पहुंच गई है। पिछले 24 घंटे में 315 लोगों की मौत कोरोना की वजह से हुई, जिसके बाद देश में संक्रमण के कारण मरने वालों की संख्या 4,85,350 हो गई है। पिछले एक दिन में 1,09,345 ठीक होकर कोरोना संक्रमण को मात देने में सफल रहे। संक्रमितों की संख्या में इजाफे के कारण अब संक्रमण दर 14.78 प्रतिशत हो गई है। जबकि वीकली पॉजिटिविटी रेट 11.83 फीसदी हो गया है। अब तक 3 करोड़ से ज्यादा किशोरों ने कोरोना टीके की पहली डोज ले ली है। देश भर में अब तक 155 करोड़ से ज्यादा कोरोना टीके लगाए जा चुके हैं।

**ओमिक्रॉन के 5,753 मामले-** देश में कोरोना का ओमिक्रॉन वैरिएंट भी तेजी से अपने पैर पसार रहा है। अब तक इसके 5,753 मामले सामने आए हैं। सबसे ज्यादा मामले महाराष्ट्र में है। वहीं दिल्ली में भी नया वैरिएंट तेजी से पैर पसार रहा है। इस तरह देखें तो एक दिन में ओमिक्रॉन वैरिएंट के 300 केस ही मिले हैं, जबकि अन्य वैरिएंट्स के 2 लाख 64 हजार के करीब मामले पाए गए हैं।

**दिल्ली में सामने आए 28,867 मरीज-** दिल्ली में आज कोरोना के 28,867 मरीज सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्री सतेंद्र जैन ने बताया कि हाल ही में कोरोना से हुई मौतो में 75 प्रतिशत ने कोरोना का टीका नहीं लगवाया था। उन्होंने बताया कि दिल्ली के अस्पतालों में अभी भी 13 हजार से ज्यादा बेड खाली हैं।

## भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदेगा फिलीपींस, 37.4 करोड़ डॉलर की डील को मंजूरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** फिलीपींस ने शुक्रवार को ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड से अपनी नौसेना के लिए एंटी-शिप मिसाइल सिस्टम अधिग्रहण के लिए मंजूरी दे दी है। यह प्रस्ताव करीब 37.49 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। फिलीपींस के राष्ट्रीय रक्षा विभाग द्वारा ब्रह्मोस के अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई है।



इस हफ्ते 11 जनवरी को भारतीय नौसेना और रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। मिसाइल भारत और रूस के बीच एक संयुक्त उद्यम है जहां डीआरडीओ भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व करता है।

मिसाइल का परीक्षण आईएनएस विशाखापत्तनम से किया गया था जो हाल ही में शामिल भारतीय नौसेना का नवीनतम युद्धपोत है। ब्रह्मोस भारतीय नौसेना के युद्धपोतों की मुख्य हथियार प्रणाली है और इसे इसके लगभग सभी सतह प्लेटफार्मों पर तैनात किया गया है। इसका एक पानी के नीचे वाला संस्करण भी विकसित किया जा रहा है जिसका उपयोग न केवल भारत की पनडुब्बियों द्वारा किया जाएगा, बल्कि मित्र देशों को निर्यात के लिए भी पेश किया जाएगा।

## दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे 12 अफ्रीकी नागरिक गिरफ्तार

### » वीजा की अवधि खत्म होने के बावजूद नहीं छोड़ा देश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे अफ्रीकी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। दिल्ली पुलिस ने पिछले 3 दिनों में वीजा की अवधि खत्म होने के बावजूद रहने वाले 12 और विदेशियों को गिरफ्तार किया है।

यह जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि द्वारका जिले की एक पुलिस टीम ने 4 अलग-अलग अभियानों के दौरान अफ्रीकी नागरिकों को पकड़ा। उनकी पहचान पीस उगबेदेओजो कादिरी, कैरोलिन ओगना इयोको, मर्सी सिल्वर कामाह, ओनेका चिका अमुरी, इमैनुएल ओकेके, स्टीफन मानसिकी ननोरोम, सैमुअल चिगोजी ओकेचुकुवु, चिनोनी फ्रैंकलिन चिडिओब, उचेचुक्कू एडविन ओकेके, पॉल एमरा एकेलेमे, जॉनसन एन के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा, जांच के बाद सामने आया कि वे वैध वीजा के बिना भारत में काफी समय तक रह रहे थे। उन्हें उनके मूल पासपोर्ट के साथ फॉरेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (एफआरआरओ) के सामने पेश किया गया। एफआरआरओ ने उनके निर्वासन का आदेश दिया है। द्वारका जिले को अपराध मुक्त बनाने के लिए द्वारका जिला पुलिस ने हाल ही में ऑपरेशन वर्चस्व शुरू किया था।

## इंजन में आई थी समस्या, बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस हादसे की जांच के बाद बोले रेल मंत्री, घायलों से भी मिले

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस हादसे के बाद रेल मंत्री शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में पहुंचे। गुरुवार को इसी जिले में यह भीषण रेल दुर्घटना हुई थी। रेल मंत्री ने यहां बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि इंजन के साथ कुछ समस्या आई थी जिसकी वजह से यह हादसा हुआ है। इस हादसे में कम से कम 9 लोगों की जान चली गई और 36 लोग घायल हुए थे। हादसे में ट्रेन की 12 बोगियां पटरी से उतर गई थीं। कुछ बोगियां एक-दूसरे पर चढ़ भी गई थीं। यह हादसा नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे के अलीपुरदार सबडिवीजन के अंतर्गत पड़ने वाले दोमोहानी के नजदीक हुआ था।

**हादसे की वजह रेल मंत्री ने बताई-** इस ट्रेन हादसे के अगले दिन घटनास्थल पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पहुंचे। हादसे की जगह का मुआयना करने के बाद उन्होंने बताया कि हादसे की असली वजह का पता इंजन के उपकरणों की जांच के बाद ही चल पाएगा। उन्होंने कहा, शुरुआती जांच में पता चला है कि इंजन के उपकरण में आई समस्या की वजह से यह हादसा हुआ है। उपकरण में क्या समस्या आई थी? इसका पता आगे की जांच के बाद ही चलेगा। उपकरण पर निशान होंगे और इन निशानों के अध्ययन के बाद ही हादसे की वजह का पता चल पाएगा।

**जारी है जांच-** रेल मंत्री ने यहां कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे की जांच जारी है। हादसे के पीछे की वजह का जल्द पता चल जाएगा। रेलवे सेफ्टी कमिशन इस मामले की छानबीन कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना है। उन्होंने बताया कि इस हादसे के पीड़ितों के आश्रितों को मुआवजा देने की प्रक्रिया जारी है और उनसे बातचीत की जा रही है।

**घायलों से मिले रेल मंत्री-** रेल मंत्री ने यहां इस हादसे में घायल यात्रियों से अस्पताल में जाकर मुलाकात की है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद लगातार हालात पर नजर रख रहे थे। रेल मंत्री ने कहा, मैं लगातार प्रधानमंत्री के संपर्क में हूं और उन्हें हालात के बारे में जानकारी दे रहा हूं।

## दाऊद इब्राहिम का भतीजा अमेरिका से पाकिस्तान पहुंचा, भारत की कोशिशों को लगा झटका

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दाऊद इब्राहिम का भतीजा सोहेल कास्कर, जिसे अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किए जाने की संभावना थी, दुबई के रास्ते पाकिस्तान भागने में सफल रहा। सोहेल का पाकिस्तान पहुंचना भारत सरकार द्वार उसे भारत लाने की कोशिशों में एक बड़ा झटका है। सोहेल दाऊद के दिवंगत भाई नूरा का बेटा है। नूरा की मौत 2010 में पाकिस्तान में किडनी फेल होने के कारण हो गई थी। अमेरिकी अधिकारियों ने अक्टूबर 2018 में भारत सरकार को सतर्क किया था कि सोहेल एक भारतीय नागरिक (उसका पासपोर्ट मुंबई से जारी किया गया है) है। उसने अमेरिका में अपनी जेल की अवधि पूरी कर ली है। इसके बाद वह स्वतंत्र है। पुलिस ने कहा कि किसी भी देश में किसी भी अपराध के लिए गिरफ्तार व्यक्ति को उसकी सजा पूरी होने के बाद उसके मूल देश भेज दिया जाता है।



भारत और अमेरिका के बीच आपसी कानूनी सहायता संधि के जरिए भारत उसे प्रत्यर्पित करने की कोशिश कर रहा था। सुरक्षा एजेंसियों को हाल ही में खुफिया सूत्रों से पता चला है कि सोहेल पाकिस्तान पहुंच चुका है।

सोहेल कासकर को 2014 में तीन अन्य लोगों के साथ अमेरिकी ड्रग एन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन ने नार्को-टेररिज्म की साजिश रचने, एक विदेशी आतंकवादी संगठन को सामग्री सहायता प्रदान करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। अमेरिकी सरकार के अनुरोध पर जून 2014 में तीनों को स्पेन में गिरफ्तार किया गया था। अमेरिका में प्रत्यर्पण के बाद उसे डीईए के न्यूयॉर्क ऑर्गनाइज्ड क्राइम ड्रग एनफोर्समेंट स्ट्राइक फोर्स ने हिरासत में ले लिया।

एक पुलिस सूत्र ने कहा, सोहेल इस समय पाकिस्तान में हैं। भारत ने उसे देश तक पहुंचाने की कोशिश की थी, लेकिन वह भागने में सफल रहा। दाऊद ने कथित तौर पर पाकिस्तान में शरण ली है और आईएसआई (पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी) द्वारा भारत विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए उसका इस्तेमाल किया जाता है। एक अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान में दाऊद की मौजूदगी और उसे जो सुरक्षा मिलती है, उसके कारण सोहेल ने उस देश को चुना।

दाऊद कराची और दुबई के बीच आता-जाता था। लेकिन डी कंपनी के वैश्विक नार्को-आतंक उद्यम में एक महत्वपूर्ण दल के रूप में उभरने के कारण अमेरिका द्वारा उसे वैश्विक आतंकवादी घोषित कर दिया गया। इसके बाद वह कथित तौर पर पाकिस्तान में छिपा बैठा है।

## रक्षा मंत्रालय ने बनाया ऑनलाइन पोर्टल : राजनाथ

### » अब ऑनलाइन होगा रक्षा पेंशन की शिकायतों के निपटारा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्रालय ने सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों और उनके आश्रितों की पेंशन से जुड़ी शिकायतों के निपटारे के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल बनाया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को यह घोषणा की। रक्षा मंत्री ने 'आर्म्ड फोर्सेज वेट्रन्स डे' के अवसर पर कहा कि पोर्टल उन्हें अपनी शिकायत सीधे पूर्व सेनानी कल्याण विभाग (डीईएसडब्ल्यू) के समक्ष दर्ज कराने का अवसर देगा। सिंह ने कहा कि उन्हें रक्षा पेंशन शिकायत निवारण पोर्टल बनने की घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है,जिसका मकसद ईएसएम की पारिवारिक पेंशन से जुड़ी शिकायतों और उनके आश्रितों की शिकायतों का निवारण करना है। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल वर्तमान के और भविष्य के सैन्य पेंशनभोगियों की मदद करेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि पोर्टल पर किए गए आवेदन से आवेदक के रजिस्टर्ड नंबर के लिए एसएमएस स्वतः जारी होगा और ईमेल जाएगा जिसमें, शिकायत पर चल रही कार्रवाई की जानकारी होगी।

## केजरीवाल ने 100 लो फ्लोर एसी सीएनजी बसों को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली ( आरएनएस) ।** केजरीवाल सरकार ने दिल्ली के परिवहन व्यवस्था को ऐतिहासिक मजबूती देते हुए बेड़े में 100 लो फ्लोर एसी सीएनजी बसों और शामिल कर लिया है। राजघाट बस डिपो पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा इन बसों को हरी झंडी दिखाने के साथ ही दिल्ली में पहली बार बसों की संख्या बढ़कर 6900 हो गई है। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन के बेड़े में आज से 100 लो-फ्लोर एसी सीएनजी बसें भी जुड़ गई हैं। यह बसें बाहरी दिल्ली के घुम्मनहेड़ा डिपो से दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्र में चलेंगी। साथ ही, आने वाले दिनों में कई सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसें भी आने वाली हैं।



सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इससे पहले अधिकतर बसें कॉमनबेल्थ गेम्स के दौरान ली गई थीं और तब दिल्ली के बस बेड़े में 6 हजार बसें थी। हम दिल्ली में बस ट्रांसपोर्ट को बहुत अच्छा करने के साथ ही लोगों को अच्छी फ्रीक्वेंसी के साथ बसें उपलब्ध कराने के लिए दृढ़ संकल्प हैं। वहीं, परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि दिल्ली की बसें अब देश भर में सुरक्षित, सुलभ और सुविधाजनक ट्रांसपोर्ट सिस्टम का उदाहरण पेश कर रही हैं। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली परिवहन विभाग के क्लस्टर स्कीम के तहत आज 100 लो-फ्लोर एसी सीएनजी बसों को दिल्ली की जनता को समर्पित किया। राजघाट बस डिपो पर आयोजित उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने फीटा काट कर इन बसों को निर्धारित रूटों पर चलने के लिए हरी झंडी दिखाई। इस दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के साथ इन एसी सीएनजी लो फ्लोर बसों में यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई गई आधुनिक सुविधाओं का भी जायजा लिया। यह बसें दिल्ली के 9 रूटों पर चलेंगी। दिल्ली परिवहन विभाग के बेड़े में 100 लो-फ्लोर एसी सीएनजी और बसें जुड़ने के बाद दिल्ली के लोगों का आवागमन और आसान हो गया है। इसके साथ ही, दिल्ली सरकार कुछ और सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसें आने वाले दिनों में सड़क पर उतारने जा रही है। जिसके बाद दिल्ली की परिवहन व्यवस्था और मजबूत हो जाएगी। राजघाट बस डिपो पर 100 लो-फ्लोर एसी सीएनजी बसों को हरी झंडी दिखाने के उपरांत मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आज हम लोगों ने 100 लो-फ्लोर एसी सीएनजी बसों का उद्घाटन किया और यह बसें आज से दिल्ली की सड़कों के उपर चलनी चालू हो जाएंगी। घुम्मनहेड़ा में नया बस डिपो बनाया गया है। वहां पर यह बसें रहेंगी। यह सभी बसें अधिकतर ग्रामीण एरिया के रूटों पर चलेंगी। इन 100 एसी सीएनजी लो फ्लोर बसों के आने के बाद दिल्ली के अंदर अब कुल 6900 बसें चल रही हैं। दिल्ली परिवहन विभाग की यह अभी तक की सबसे ज्यादा बसें हैं। इससे पहले अधिकतर बसें कॉमनबेल्थ गेम्स के दौरान ली गई थीं। उस दौरान दिल्ली में करीब 6 हजार बसों की फ्लीट थी। अब दिल्ली में बसों का बेड़ा 6900 पर पहुंच गया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अभी भी बसों का आना चालू है। हम और भी कई बसों खरीद रहे हैं। आने वाले समय में सीएनजी बसें आने वाली हैं, डीटीसी की भी बसें आने वाली हैं और अभी काफी इलेक्ट्रिक बसें भी आने वाली हैं। बसों को आने में थोड़ा समय लगता है। यह रातों-रात नहीं हो पाता है। टैंडर समेत अन्य प्रक्रिया पूरी करने में दो-तीन साल का समय लग जाता है। जब हमारी सरकार बनी थी, उस समय दिल्ली में बसों की बहुत ज्यादा कमी थी। कई साल से बसों की खरीद नहीं हुई थी।